# कलेक्टर ने धरमजयगढ़ विकास खण्ड के सुदूर वनांचल में किया सघन दौरा

## कलेक्टर ने सुबह लगाई चौपाल, दिन भर किया फील्ड निरीक्षण, शाम में ली अधिकारियों की बैठक, रात भी धरमजयगढ़ में ही बिताई, सुबह फिर से निकले फील्ड में

- पहाड़ों पर चढ़े, नदी में उतरे, लोगों से मिले, संस्थाओं का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य भी देखे
- प्रशासनिक अमला लेकर जिले के अंतिम छोर तक पहुंचे कलेक्टर



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा लगातार जिले में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्य कर रहे हैं। इसके लिए समीक्षा बैठकें लेने के साथ ही फील्ड का निरीक्षण करते हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर सिन्हा जिले के दूरस्थ विकासखंड धरमजयगढ़ में जिले के अंतिम छोर तक सुदूर वनांचल क्षेत्रों का पूरे दिन सघन दौरा किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत भी साथ रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने धरमजयगढ़ में सुबह जनचौपाल लगा लोगों से मुलाकात की। अस्पताल, स्कूल, छात्रावास जैसी संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तो नदियों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार करने पहाड़ी इलाकों का भी निरीक्षण किया। देर शाम विकासखंड मुख्यालय में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और रात भी धरमजयगढ़ में ही बिताई। यहां उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। सुबह फिर से कलेक्टर सिन्हा फील्ड निरीक्षण में निकले। दूसरे दिन कलेक्टर सिन्हा ने लिखा माड़ा पहुंचे साथ ही बरतापाली में बन रहे रीपा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने रीपा में सभी गतिविधियां शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृष्णकुंज का भी मुआयना किया।

**15 मई तक शुरू करें हमर लैब-** कलेक्टर सिन्हा ने सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत बने भवन का निरीक्षण किया। इस भवन में गंभीर महिलाओं सुरक्षित प्रसव के लिए डिलीवरी डेट से 10 इन पहले से प्रसव के बाद 10 दिनों तक रखा जाता है। कलेक्टर सिन्हा ने केन्द्र में व्यवस्थाओं को लेकर संतोष जताया। उन्होंने महिलाओं की सुविधा के लिए एक भवन से अटैच्ड अतिरिक्त शौचालय तथा पैंट्री बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने इसके साथ अस्पताल में बने हमर लैब का भी निरीक्षण किया। यहां बताया गया कि लैब का काम लगभग पूरा हो चुका है, कलेक्टर सिन्हा ने अगले 15 मई तक लैब शुरू करने के निर्देश दिए। जिससे आमजन को इसका फायदा मिल सके।

**छात्रा ने फर्राटे से सुनाया पहाड़ा तो कलेक्टर ने दी शाबासी और भेंट किया अपना पेन-** कलेक्टर सिन्हा ने खम्हार के मॉडल स्कूल का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कक्षा छठवीं के बच्चियों से मुलाकात की। कलेक्टर सिन्हा ने बच्चियों से जब पहाड़ा पूछा तो अंजलि भारद्वाज और मधु भारद्वाज ने फर्राटे से पहाड़ा सुना दिया। जिस पर कलेक्टर ने उन्हें शाबाशी देते हुए अपना पेन उन्हें भेंट किया और आगे अच्छे से पढ़ाई करने के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर सिन्हा स्कूल में अध्यापन कार्य की जानकारी ली।

**यूथ सेंटर में बच्चों का बढ़ाया हौसला, सुविधाएं बढ़ाने अधिकारियों को किया निर्देशित-** कलेक्टर सिन्हा धरमजयगढ़ के यूथ सेंटर के निरीक्षण में भी पहुंचे। यहां स्पोकन इंग्लिश की क्लासेस चल रही थी। कलेक्टर ने बच्चों से अंग्रेजी में बात कर उनके पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा। इस बीच उन्होंने बच्चों से कुछ सवाल भी किए जिसका जवाब देने वाले बच्चों को उन्होंने शाबासी दी। यूथ सेंटर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों से भी उन्होंने मुलाकात की। सेंटर में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए किताबें व मासिक मैगजीन नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए।

**कलेक्टर ने महिलाओं से कहा वनांचल में जागरूकता और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिहाज से आपका काम प्रशंसनीय-** खम्हार में महिला समूहों द्वारा सेनेटरी नेपकिन यूनिट चलाया जा रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने इस यूनिट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने समूह से उनके कामकाज के बारे में विस्तार से जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि उनके समूह में 12 महिलाएं हैं। उन्होंने अब तक 2.5 लाख की पूंजी जोड़ ली है। स्थानीय स्तर पर बिक्री के साथ ही सी मार्ट में भी प्रोडक्ट जा रहा है। बिलासपुर सी-मार्ट से भी ऑर्डर मिला है। कलेक्टर ने महिला समूह के काम की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा के लिहाज आपका काम अत्यंत प्रशंसनीय है। आप धरमजयगढ़ जैसे वनांचल क्षेत्र में माहवारी स्वच्छता के लिए न सिर्फ जागरूकता फैलाने का काम कर रही हैं बल्कि उन्हें इसके लिए नैपकिन भी उपलब्ध करवा रही हैं। स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से आपका कार्य प्रशंसनीय है।

**छात्रावास में बच्चियों की सुविधा और सुरक्षा का रखें खयाल-** कलेक्टर सिन्हा ने निरीक्षण के दौरान एकलव्य बालिका छात्रावास के निरीक्षण में भी पहुंचे। यहां उन्होंने छात्रावास का भ्रमण कर सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने बच्चियों के कमरों में आलमारी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि छात्रावास में रहने वाली बच्चियों की सुविधा व सुरक्षा का विशेष रूप से खयाल रखें।

**जल्द पूरा करें सड़क व पुल का काम-** कलेक्टर सिन्हा धरमजयगढ़ से कापू के निरीक्षण में भी पहुंचे। यहां उन्होंने चल रहे सड़क व पुल निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिन्हा ने अब तक की प्रगति व शेष कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बारिश के पहले सड़क व पुल का काम पूरा करें। जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा हो।

**पहाड़ी इलाकों में नरवा संवर्धन का भी देखा काम, लक्ष्मीपुर में प्रोजेक्ट तैयार करने सिंचाई विभाग को दिए निर्देश-** कलेक्टर सिन्हा ने निरीक्षण के दौरान पहाड़ी इलाकों में भी पहुंचे। उन्होंने पखनाकोट में नरवा संवर्धन के तहत बने स्टापडेम का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने बकालों में कोरजा नाला में शुरू होने वाले कार्यों के बारे में मौके पर पहुंचकर जानकारी ली।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेल्वे बंगलापारा में धारदार हथियार लहराते मिला युवक, आरोपी पर आर्म्स एक्ट की कार्यवाही

**रायगढ़।** कोतवाली टीआई शनिप रात्रे को मुखबिर से सूचना मिली कि रेल्वे बंगलापारा में एक युवक हवा में हथियार लहराते लोगो को डरा धमका रहा है, सूचना पर कार्यवाही के लिये थाना प्रभारी ने थाने की पेट्रोलिंग और थाने से स्टाफ रेल्वे बंगलापारा भेजा गया। कोतवाली स्टाफ ने सुरक्षा उपाय अपनाकर आरोपी युवक के कब्जे से एक धारदार चाकू अपने कब्जे में लेकर युवक से नाम, पता पूछे जो अपना नाम रवि शेट्टी पिता एम बेनुगोपाल उम्र 25 वर्ष दरोगापारा गुजराती गली थाना कोतवाली जिला रायगढ़ का रहने वाला बताया, जिसे थाने लाया गया। आरोपी रवि शेट्टी के कृत्य पर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को आज न्यायिक रिमांड लेने सीजेएम कोर्ट पेश किया गया है। आर्म्स एक्ट की कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, अनंत तिवारी, नंद कुमार सारथी, हेमंत पात्रे, नरेंद्र यादव और आरक्षक सुशील मिंज शामिल थे।

### थाना प्रभारी खरसिया की सजगता से अपने परिजन से मिला विक्षिप्त युवक

**रायगढ़।** थाना प्रभारी खरसिया आशीर्वाद राहटगांवकर को ग्राम रजघटा से सूचना मिला की एक नौजवान युवक गली में उपद्रव मचा रहा है जिस पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल थाने से सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर, आरक्षक जानसन बघेल को मौके में भेजा गया। जहां एक विक्षिप्त युवक (उम्र करीब 30 वर्ष) को उपद्रव मचाता देख सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मी राठौर और आरक्षक जॉनसन बघेल ने मौके पर उपस्थित लोगों की सहायता से समझा-बुझाकर थाना खरसिया लाये। युवक को थाने में जलपान कराया गया, कुछ देर बाद युवक शांत दिखा। जिस पर पुलिसकर्मियों द्वारा सहजता से पूछताछ करने पर युवक थाना भूपदेवपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सारडामाल नंदेली का होना बताया। युवक के परिजन उसके बिना बताये कहीं चले जाने पर परिजनों का चिंतित और परेशान होना स्वाभाविक था, जिस पर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक आशीर्वाद रहटगांवकर द्वारा तत्काल आरक्षक भगवती लक्ष्मी युकेश श्याम के साथ ग्राम सारडामाल भेज कर विक्षिप्त युवक के परिजनों पिता के सुपुर्द कराया गया। थाना प्रभारी खरसिया के सजगता से एक विक्षिप्त युवक अपने परिवार से बिछड़ने से बच गया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 29 को

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** भारत सरकार द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के कक्षा 6 में प्रवेश के लिए परीक्षा 29 अप्रैल 2023 को सुबह 11:30 से 1:30 बजे आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए लिंक https:// cbseitms.rcil.gov.in/nvs/AdminCard/AdminCard अथवा navodaya.gov.in है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में लगभग 28 जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित है। जवाहर नवोदय विद्यालय का उद्देश्य मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाशाली बच्चों को उनके परिवार की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की परवाह किए बिना अच्छी गुणवत्ता वाली आधुनिक शिक्षा प्रदान करना - जिसमें संस्कृति का एक मजबूत घटक, मूल्यों का समावेश, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, साहसिक गतिविधियाँ और शारीरिक शिक्षा प्रदान करना है।

# कुष्ठ विकृति सुधार शल्य क्रिया शिविर में 12 मरीजों का हुआ आरसीएस ऑपरेशन

- रायपुर से टीम द्वारा मरीजों का किया जा रहा फिजियोथैरेपिस्ट



**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर एवं सिविल सर्जन डॉ.आर.एन.मंडावी के मार्गदर्शन में शासकीय किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय रायगढ़ में 20 से 22 मार्च 2023 तक कुष्ठ विकृति सुधार शल्य क्रिया शिविर का आयोजन कर 12 मरीजों का आरसीएस ऑपरेशन किया गया। उन मरीजों को ऑपरेशन का पूरा लाभ के लिये 17 अप्रैल से 01 मई 2023 तक पोस्ट ऑपरेटिव फिजियोथैरेपी (विकृति सुधार अभ्यास) किया जा रहा है। जिसमें प्रथम 3 दिवस तक आर.एल.टी.आर.आई रायपुर से आये फिजियोथैरेपिस्ट कार्तिक घटोअल द्वारा फिजियोथैरेपी दिया गया। उसके पश्चात निर्धारित तिथि तक के लिये जिले के फिजियोथैरेपिस्ट अनीता पटेल, सिद्वार्थ सिन्हा एवं डी.एफ.आई. टी.कन्सलटेंट दिलीप गोप द्वारा दिया जा रहा है। साथ में जिला टीम से एम.पी.साहू, आर.एस.पटेल, दिनेश यादव एवं हेमन्त तिग्गा द्वारा विकृति सुधार अभ्यास कराया जा रहा है। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि आपरेशन एवं फिजियोथैरेपी से मरीजों को इतना सशक्त बनाना है कि वह अपना काम स्वयं कर सके एवं सम्मान पूर्वक अपना जीवन-यापन कर सकें। मरीज जो ठीक से चल नही पा रहे थे, उन्हें चलने में कोई परेशानी नहीं होगी। जो अपने हाथ से काम नही कर सकते थे वे अच्छे से काम करने लगेंगे। इस प्रकार से सभी विकृति से ग्रसित कुष्ठ मरीजों को प्रेरित होकर आगे आने की आवश्यकता है। ताकि समाज की मुख्य धारा में जुड़कर अपना जीवन-यापन सुखी रूप से कर सकें।

# फसल को मवेशियों से बचाने बिछाए करंट से नाबालिक की मौत

- गैर इरादतन हत्या के मामले में चक्रधरनगर पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर




**रायगढ़।** एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों ने अपने खेत में लगे फसल को मवेशियों और पक्षियों से बचाने बांस के घेरे में जीआई तार पर करंट प्रभाहित कर रखे थे। वे जानते थे कि करंट के चपेट में आने से वे स्वयं या कोई अन्य व्यक्ति या मवेशी की मृत्यु संभव है। एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं सीएसपी अभिनव उपाध्याय के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन में मर्ग की जांच कर चक्रधरनगर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गैर इरादतन हत्या और विद्युत अधिनियम के तहत कार्यवाही कर आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 18.04.2023 के शाम ग्राम रेगडा का शंकर चौहान पिता स्व. जगेश्वर चौहान (उम्र 12 वर्ष) अपने साथियों के साथ क्रिकेट खेलने गांव के जोबानार खेत के पास गया था। शाम करीब 06.00 बजे शंकर मैदान से शौच के लिये खेत की ओर गया पर काफी देर तक वापस नहीं आया तो उसके दोस्त जाकर देखे। शंकर चौहान जोबानार खेत मेड़ किनारे मृत पड़ा था। घटना के संबंध में थाना चक्रधरनगर में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही, शव का पोस्ट मार्टम कराया गया। मर्ग जांच में पाया गया कि गांव का सुदंर साय उरांव (55 साल) और उसके बेटे संजय उरांव (22 साल) के द्वारा खेत में लगाये गये फसल की मवेशियों से सुरक्षा के लिये खेत के चारो तरफ छोटे-छोटे बास का घेरा लगा कर खंभे से अवैध हुकिंग कर खेत के चारो ओर जीआई व सेंट्रींग तार में करेंट सप्लाई किये थे। दिनांक 18.04.23 के शाम उसी तार की चपेट आने से बिजली करेंट लगने से शंकर चौहान (मृतक) की मृत्यु हुई है। आज दिनांक 27.04.2023 को थाना चक्रधरनगर में मर्ग जांज से आरोपी पिता, पुत्र पर धारा 304 आईपीसी और 135 विद्युत अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा दोनों आरोपी सुंदर साय उरांव पिता बुलऊ उरांव 55 साल संजय उरांव पिता सुंदर साय उरांव उम्र 22 साल दोनों निवासी ग्राम रेगडा थाना चक्रधरनगर को हिरासत में लेकर आरोपियों के कब्जे से जीआई व सेंट्रींग तार जप्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के साथ सम्पूर्ण कार्यवाही में एसआई दिनेश बहिदार, प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू की अहम भूमिका रही है।

# लैलूंगा से आज जिला स्तरीय केलो नदी संरक्षण महाअभियान की शुरुआत

- केलो एवं मांड संरक्षण अभियान: नदी के उद्गम से महानदी में विलय तक जिले के सभी ग्राम पंचायतों में चलेगा विशेष अभियान
- जिले में नदियों के संरक्षण पर कलेक्टर सिन्हा की विशेष पहल
- 'केलो है तो कल है' के संकल्प के साथ केलो संरक्षण अभियान किया गया है शुरू
- अभियान में जिले के चार ब्लाक के गांव होंगे शामिल, तटवर्ती गांवों में माईक्रो प्लान के अनुसार क्षेत्र और नरवा उपचार का होगा कार्य



रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में नदियों के संरक्षण की दिशा में विशेष पहल की है। 'केलो है तो कल है' के संकल्प के साथ केलो नदी के संरक्षण के अभियान की शुरूआत की जा चुकी है। जिसके अंतर्गत एक वृहत प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इसमें केलो नदी के प्रवाह मार्ग तथा इसके किनारे बसे गांवों में क्षेत्र एवं नरवा उपचार के तहत कार्य किया जाना है। इसी कड़ी में 28 अप्रैल को लैलूंगा से केलो नदी संरक्षण महाअभियान शुरू होगा। जिसमें केलो और मांड नदी संरक्षण के तहत केलो नदी के उद्गम से महानदी में विलय तक जिले के सभी ग्राम पंचायतों में नदी संरक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत लैलूंगा, तमनार, रायगढ़ एवं पुसौर विकासखण्ड के जिन पंचायतों से होकर नदी गुजरती है, उन पंचायतों में नदी संरक्षण कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यों को सामूहिक अभियान के रूप में संचालित किया जाएगा। अभियान में ग्रामीण जनों की भागीदारी, महिला समूह के महिलाओं, राजीव मितान क्लब के सभी सदस्यों को शामिल किया जाएगा। जिला पंचायत के नरवा संवर्धन के प्रभारी अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि सभी गांवों में नदी के किनारे मनरेगा से कार्य स्वीकृत कराया जा सकता है। मुख्य नदी के जलग्रहण क्षेत्र में ड्रेनेज नालों के लिए यह योजना स्वीकृत की जा सकेगी। एरिया ट्रीटमेंट के काम भी कराये जायेंगे, जिससे जल एवं मृदा संरक्षण सुनिश्चित हो सके। क्षेत्र में पुरानी संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य भी किए जायेंगे, ताकि वे भी जल संरक्षण के लिए उपयोगी सिद्ध हो सके।

लैलूंगा में 25 कि.मी. के एरिया और नरवा ट्रीटमेंट के लिए बन चुका है प्रोजेक्ट

डीपीआर के अनुसार एरिया और नरवा ट्रीटमेंट किया जाएगा। इसके लिए शुरूआती 25 कि.मी.के लिए प्रोजेक्ट तैयार किया जा चुका है। जिससे नदी के तटों का कटाव, गाद जमा होना, बहाव में कमी, घटता भू-जल जैसी समस्याओं को दूर किया जा सके। इसमें नरवा ट्रीटमेंट के लिए ब्रशवुड चेक, लूज बोल्डर चेक, गेबियन स्ट्रक्चर, चेक डैम तथा स्टॉप डैम का निर्माण किया जाएगा। एरिया ट्रीटमेंट के तहत विभिन्न स्ट्रक्चर जैसे कंटूर ट्रेंच, पर्कोलेशन टैंक, स्टेटगार्ड ट्रेंच साथ ही ढलान के मुताबिक विभिन्न प्रजाति के पौधों और वृक्षों का प्लांटेशन किया जाएगा। केलो नदी के पुनरुद्धार के लिए वॉटरशेड के रिज टू वैली कांसेप्ट से काम किया जाएगा। इसमें चोटी पर नदी के उद्गम से लेकर नीचे की ओर जाने वाले नदी की लाइनिंग को जोड़ा जाएगा। इसमें पूरे क्षेत्र को ढलान के अनुसार अलग-अलग भागों में बांटा गया है। जिसमें बहाव को नियंत्रित करने तथा जल को स्टोर करने के लिए अलग-अलग उपाय किए जायेंगे।

# अपर कलेक्टर जांगड़े ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने रायगढ़ जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों के सुचारू रूप से क्रियान्वयन/पर्यवेक्षण तथा सतत् निगरानी हेतु अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन में अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने गत दिवस विकासखंड पुसौर के ग्राम गुडग़हन पहुंचकर जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के हितग्राही पद्मा भुईहर, शशिरेखा यादव, नानदाई यादव, कमला यादव आदि से चर्चा करते हुए उनके घर में बने घरेलू नल कनेक्शन के साथ ही नवनिर्मित उच्च स्तरीय टंकी का अवलोकन भी किया। उन्होंने सभी नल कनेक्शनों में नल की टोटी बदलने के साथ ही यथाशीघ्र उच्च स्तरीय टंकी के माध्यम से जल प्रदाय करने के निर्देश दिए गये है।

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता, उप अभियंता, आईएसए प्रतिनिधि एवं ठेकेदार के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आजीविका संवर्धन से जोड़ने बिहान योजना की महिलाओं को दिया जा रहा निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण



**रायगढ़।** ग्रामीण महिलाएं सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त हो सके और अपने लिए आजीविका संवर्धन का विकल्प व्यवसायिक रूप से तैयार कर आत्मनिर्भर हो सके। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन की पहल पर बिहान योजना से जुड़ी महिलाओं को उनके आजीविका संवर्धन के लिए एनटीपीसी द्वारा नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में 06 अप्रेल 2023 को एसडीएम द्वारा कौशल उन्नयन व सामाजिक विकास हेतु लगभग 100 महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण की शुरूवात की गई थी। जिससे वर्तमान के प्रथम बेच में 25 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत घरघोड़ा व बीपीएम एनआरएलएम द्वारा उक्त संस्था में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों से गत दिवस भेंट कर निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई प्रशिक्षण का लाभ लेने एवं सिलाई कार्य में पारंगत होने के लिए उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही एनटीपीसी के अधिकारी-कर्मचारियों से इन महिलाओं के लिए व्यवसायिक अवसर की उपलब्धता किस तरह से तैयार होगी और वे अपने कौशल कला को किस प्रकार बाजार/व्यवसाय में परिणित कर पायेंगे पर चर्चा किया गया।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के ऑनलाईन पंजीयन हेतु तिथि निर्धारित



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर एवं रायगढ़ जिला अंतर्गत अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी जो छ.ग.के निवासी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, नर्सिंग कालेज, पालीटेक्निक एवं आईटीआई आदि में अध्ययनरत है। जिनका संस्थाओं में प्रवेश विलम्ब से हुआ है तथा जिन पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित हुआ है, ऐसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, उन्हें शिक्षा सत्र 2022-23 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन/आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाईट http://postmatric-scholarship.cg.nic.in पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थाओं के प्रस्ताव/ स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 की तिथि में वृद्धि की जा रही है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार छ.ग.राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन/नवीनीकरण) के लिए अंतिम तिथि 27 अप्रैल से 3 मई 2023 तक, छ.ग.राज्य से बाहर अध्ययनरत (छ.ग.के निवासी) विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन/नवीनीकरण)हेतु 4 से 8 मई 2023 तक, ड्रॉफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 27 अप्रैल से 10 मई 2023 तक तथा स्वीकृति आदेश लॉक करने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल से 15 मई 2023 तक निर्धारित है।

यह अंतिम अवसर विद्यार्थियों को प्रदाय किया जा रहा है। निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2022-23 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन एवं ड्रॉफ्ट प्रपोजल लॉक, सेक्शन आर्डर लॉक करने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति के वंचित रह जाते है तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे। वर्ष 2022-23 से छात्रवृत्ति का पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित भुगतान किया जा रहा है। अत:सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार सीडिंग बैंक एकाउंट नबर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480